भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1724

उत्तर देने की तारीख 02.03.2020

एनआईटी की संख्या

†1724. श्री गजानन कीर्तिकरः

श्री बिद्युत बरन महतोः

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में चल रहे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार की देश में छह नए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) के स्थायी परिसरों को स्थापित करने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनमें संलिप्त व्यय का एनआईटी-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने एनआईटी के तहत महाविद्यालयों में सीटों की संख्या बढ़ाने का विचार किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक राज्य में इस संबंध में वास्तविक मांग के अनुपात में वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) : वर्तमान में, 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) देश में कार्य कर रहे हैं|

(ख) और (ग) : 31 एनआईटी में, भारत सरकार द्वारा राज्यों/संघ शासित प्रदेशों अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और पुदुचेरी में छह नए एनआईटी सहित दस नए एनआईटी वर्ष 2010 में स्थापित किए गए थे, जिनके संबंध में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22 जनवरी, 2020 को अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 तक निम्नलिखित विवरण के अनुसार, 4,371.90 करोड़ रु. की संशोधित लागत अनुमोदित की है:

(रु. करोड़ में)

क्रम सं.	एनआईटी का नाम	संशोधित लागत अनुमान
1.	अरुणाचल प्रदेश	868.36

2.	दिल्ली	962.97
3.	मेघालय	701.18
4.	मिजोरम	669.75
5.	नागालैंड	434.83
6.	पुदुचेरी	734.83
	कुल	4371.90

(घ) से (ड.): एनआईटी राष्ट्रीय महत्व की स्वायत्त संस्थान हैं, जो राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीएसईआर), अधिनियम 2007 और इस अधिनियम के तहत गठित संविधियों के प्रावधानों द्वारा शासित हैं| चूँकि एनआईटी स्वायत्त संस्थान हैं, इसलिए, वे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या स्वयं तय करते हैं| एनआईटी में सीटें स्नातक और स्नाकोत्तर दोनों स्तरों पर बढ़ती रहती हैं, जब इन संस्थानों में नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाते हैं या नए विभाग खोले जाते हैं|

****